


ATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP
HEARTY WELCOME


5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP-2026
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA (V.S.S.D.) COLLEGE
& YOGA ASSOCIATION OF U.P
YOGA ASSOCIATION OF INDIA
HEARTY WELCOME
SINGH SANATAN DHARMA (V.S.S.D) COLLEGE, NAWABGANJ KANPUR
: 30TH APRIL & 01ST MAY 2026
V.S.S.D. COLLEGE, KANPUR


5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP


5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP-2026
HEARTY WELCOME
5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP-2026
YOGA ASSOCIATION OF INDIA
HEARTY
WELCOME


5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP-2026
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA (V.S.S.D) COLLEGE & YOGA ASSOCIATION OF U.P
YOGA ASSOCIATION OF INDIA
Registered with Govt. of India (Ministry of MSME & NSDC)
HEARTY
WELCOME
"VENUE" : VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA
COLLEGE, NAWABGANJ KANPUR
DATES : 30TH APRIL &
MAY 2026
GPS Map Camera
Google
Kanpur, Uttar Pradesh, India
2/4, Machhuwanagar, Nawabganj, Kanpur, Uttar Pradesh 208002, India
Lat 26.497677° Long 80.313567°
Friday, 01/05/2026 10:44 AM GMT +05:30


5TH NATIONAL YOGA CHAMPIONSHIP-2026
ORGANISED BY
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA (V.S.S.D) COLLEGE & YOGA ASSOCIATION OF U.P.
AFFILIATED TO
YOGA ASSOCIATION OF INDIA
Registered with Govt. of India (Ministry of MSME & NSDC)
WORLD YOGA FOUNDATION
National Skill Development Corporation
Dinesh Mishra
"VENUE" : VIKRAMAJIT SINGH
LLEGE, NAWABGANJ KANPUR
DATES : 3
MAY 2026


BIG FM
N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
WORLD YOGA
FOUNDATION
NATIONAL YOGA CHAMPIONSH
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA (V.S.S.D) COLLEGE & YOGA ASSOCIATION OF
YOGA ASSO ATION OF INDIA
Registered with Govt. India (Ministr of MSME & NSD

प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र की स्थानीय महिलाओं को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। प्रो. सी.एल. गहलौत (छात्र कल्याण अधिष्ठाता - डीएसडब्ल्यू), डा. अनुराग सिंह (ए.बी.एस.डब्ल्यू.), शिवानी कोष्टा, विपुल और विकास यादव के अलावा यूएसएसी के उप सचिव शिवम श्रीवास्तव मौजूद रहे। जासं

## यादों के बीच सीनियर्स को दी विदाई

कानपुर: कानपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी और केआइटी फार्मेसी में "स्वास्ति 2026" विदाई समारोह आयोजित हुआ, जिसमें जूनियर छात्रों ने सीनियर्स छात्राओं को विदाई दी। नृत्य, गायन, कविता और नाट्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। सबसे भावुक क्षण तब आया जब अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर शिक्षकों व साथियों के प्रति आभार जताया। संस्थान के निदेशक डा. ब्रजेश वाजपेयी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विदाई उनके जीवन की नई शुरुआत है। अभिनव शर्मा व अनमोल गर्ग 'मिस्टर स्वास्ति' तथा सीमा सिंह व इशिता 'मिस स्वास्ति' चुने गए। वि.वि

# नेशनल योग स्पर्धा में उप्र की टीम विजेता




नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कालेज में नेशनल योग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने योगासन का प्रदर्शन किया • संजय यादव

**जागरण संवाददाता, कानपुर** : पांचवीं नेशनल योग चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर उप्र की टीम ने पहला, बिहार ने दूसरा और मध्य प्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। उप्र की टीम ने 20 स्वर्ण, 31 रजत और 20 कांस्य पदक जीतकर ओवर आल चैंपियनशिप पर कब्जा किया। बिहार और मध्य प्रदेश की टीम ने 15 स्वर्ण, 20 रजत और 15 कांस्य पदक जीतकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कालेज में शुक्रवार को हुई स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों के 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, सीनियर व

**15-15 स्वर्ण पदक हासिल कर बिहार की टीम दूसरे और मध्य प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही**

**उप्र की टीम के विराट, विशाल, नक्श, आरव, चंदा और हिमांशु ने विभिन्न वर्ग में जीता स्वर्ण पदक, कुल 20 स्वर्ण जीते**

सुपर सीनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने 10-10 योगासन का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। योग एसोसिएशन आफ उप्र के महासचिव शोभित पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी वर्ग में उप्र, बिहार और मध्य प्रदेश के प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ योग कौशल का प्रदर्शन किया। उप्र की टीम से खेल रहे सब जूनियर वर्ग में विराट सिंह और विशाल गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर वर्ग में नक्श पांडेय, कैडेट वर्ग में आरव, सीनियर वर्ग में चंदा और सुपर सीनियर वर्ग में हिमांशु तिवारी ने स्वर्णिम छाप छोड़ी।

पदक विजेता खिलाड़ियों को एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, चेयरमैन नीतू सिंह ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डा. रोहित सक्सेना, प्रो. नीरू टंडन, डा. अंशु सिंह सेंगर, डा. विपेंद्र सिंह परमार, प्रो. दीपाली, सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

खेल प्र
सेमीफाइ
डीएवी मैद
सेमीफाइन
लीग मैच
नगर में जू
आठ बजे
-प्रतियोगिता
स्पोर्ट्स हब
के मुकाबले

गोल्ड क
में पहुंचा
वारियर्स

जागरण संवा
कप क्रिकेट
चंबल वारियर
की जीत के
शुक्रवार को
मैदान में
कानपुर किंग्स
में 10 विके
इसमें एस
ने 27 रन
वारियर्स के
ने दो-दो वि
चंबल वारि
ओवर में
132 रन
चंबल वारि
बनाकर अ
ने 30 औ
बनाकर टीम
दिलाई। मैच
लेने वाले
चुना गया।

में छोटे आकार की किट उपलब्ध न होने के प्रतिभा की सराहना कर चुके हैं।

त्रिपाठी और आराध्या शामिल है। (संवाद)



मुझमें है दम

बिहार दूसरे और मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर, 350 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# योग में 71 पदक जीतकर यूपी बना चैंपियन



नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में हुई पांचवीं नेशनल योग चैंपियनशिप में विजयी खिलाड़ी व आयोजक। स्रोत : संगठन

संवाद न्यूज एजेंसी

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित पांचवीं नेशनल योग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओवरऑल विजेता का खिताब जीता। यूपी ने कुल 20 स्वर्ण, 31 रजत और 20 कांस्य पदक जीतकर प्रथम पाया। बिहार ने 15 स्वर्ण, 20 रजत और 15 कांस्य पदक के साथ दूसरा और मध्य प्रदेश ने समान पदकों के साथ तीसरा स्थान पाया।

## सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, सीनियर और सुपर सीनियर वर्गों में किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, सीनियर और सुपर सीनियर वर्गों में खिलाड़ियों ने 10-10 योगासनों का प्रदर्शन कर लचीलापन, संतुलन और कौशल का बेहतरीन परिचय दिया। योग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव शोभित पांडेय ने बताया कि सभी वर्गों में उप्र, बिहार और मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

उप्र की ओर से सब जूनियर वर्ग में विराट सिंह और विशाल गुप्ता, जूनियर वर्ग में नक्ष पांडेय, कैडेट में आरव, सीनियर में चंदा और सुपर सीनियर में हिमांशु तिवारी ने अपने प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश मिश्रा और चेयरमैन नीतू सिंह ने विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

घोषित

शिव यादव और
तम को बनाया
एथलेटिक्स
की ओर से
चयन प्रक्रिया
दिनेश सिंह
धिकारियों की

टीम 29वीं उप्र सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यह

विनय कुमार शामिल हैं।

परंपरा का अनूठा मेल प्रस्तुत किया।

विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की

इकाई-1 की ओर से बिठूर के बरठन

**उपलब्धि** | मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने 20 स्वर्ण पदक, 31 रजत पदक और 20 कांस्य पदक जीते, बिहार की टीम उपविजेता रही

# नेशनल योगा चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश बना विजेता

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** पांचवीं नेशनल योगा चैम्पियनशिप 2026 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश की टीम विजेता बनी। जबकि बिहार की टीम उपविजेता और मध्य प्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने 20 स्वर्ण पदक, 31 रजत पदक और 20 कांस्य पदक जीतकर ओवर आल चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में हुए नेशनल योग में देश के विभिन्न राज्यों के 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, सीनियर व सुपर सीनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने 10-10 योगासन में योग कौशल का प्रदर्शन किया। योगा एसोसिएशन ऑफ उप्र के महासचिव शोभित पांडेय ने बताया कि सभी वर्ग




पांचवीं नेशनल योगा चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्तर प्रदेश टीम के खिलाड़ी।

में उप्र, बिहार और मध्य प्रदेश के प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ योग कौशल का प्रदर्शन किया। उप्र की टीम से खेल रहे सब जूनियर वर्ग में विराट सिंह और विशाल गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर वर्ग में नक्श पांडेय ने, कैडेट वर्ग में आरव, सीनियर वर्ग में चंदा और सुपर सीनियर वर्ग में हिमांशु तिवारी ने स्वर्णिम छाप छोड़ी। पदक विजेता खिलाड़ियों को एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, महाविद्यालय प्रबंध समिति की सचिव व एसोसिएशन की चेयरमैन नीतू सिंह, कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन ने सम्मानित किया।

## जूनियर बालक कबड्डी लीग कल से होगी

कानपुर। तृतीय कानपुर मंडल जूनियर बालक कबड्डी लीग 2026 के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। इसको लेकर शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्रतियोगिता को बेहतर ढंग से करवाने को लेकर चर्चा हुई। आयोजक विनय कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता मसवानपुर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर पक्का तालाब में आयोजित होगी। लीग में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ियों के चयन के लिए तीन मई को शाम 4 बजे होने वाले ट्रायल में हिस्सा ले सकते है। चयन प्रक्रिया का संचालन विनय कुमार की ओर से किया जाएगा।